सबको मिले तेरा ही साथ

तेरी शरण में आके जिसने करी पुकार,
तेरी करुणा ने किया उसका ही उद्धार.......

सबको मिले तेरा ही साथ साई बाबा रे,
सबके सिर पे हो तेरा ही साथ साई बाबा रे,
साई बाबा रे के साई बाबा रे.......

तेरे दर पे सभी सवाली दर्शन को आये,
तेरी शरण में आके मुराद वो पाए,
सुनता है सबकी बात साई बाबा रे.....

माँ की निराशा को तू आशा में बदले,
जो हो मुसीबत की मारी दर पे संभले,
खत्म होती गम की रात साई बाबा रे.....

तेरी सूरत सी नहीं साई कोई मूरत,
सारे जग में तुझसे ना कोई खूबसूरत,
करे खुशियों की बरसात साई बाबा रे......

श्रद्धा से बाबा जिसने तुझे पुकारा है,
साई तू बना उसी का ही सहारा है,
सबको तुमने दी सौगात साई बाबा रे.........

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/31490/title/sabko-mile-tera-hee-saath

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |